योग दिवस

गैरीसन ग्राउंड के अलावा शहर के अन्य कई जगहों पर मनाया जाएगा योग दिवस


# राष्ट्रपति की मौजूदगी में योग दिवस का कार्यक्रम होगा बेहद खास

▸ आज निकलेगी जागरूकता रैली

**नवभारत,जबलपुर।** अंतराराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर इस बार राष्ट्रपति महामहिम द्रोपदी मुर्मु के शहर आगमन पर योग दिवस अपने आप में बेहद खास हो गया है। गैरीसन ग्राउंड सदर में राष्ट्रपति, राज्यपाल, मुख्यमंत्री की उपस्थिति में योग दिवस का मुख्य कार्यक्रम आयोजित होगा जिसके साक्षी शहर के हजारों लोग बनेंगे। वहीं 2 जून को योग के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से शिव योग पार्क से अहिंसा चौक तक विशाल पैदल रैली प्रात: 6 बजे से निकाली जाएगी और 21 जून को योग शिविर प्रात: 6 बजे से आयोजित होगा।

गैरीसन मैदान में होने वाले मुख्य कार्यक्रम के अलावा नगर निगम के 5 जगहों तथा ऐतिहासिक व पर्यटन स्थल मदन महल, भेड़ाघाट, ग्वारीघाट, रानीताल, आईजी ग्राउंड आदि स्थानों पर एक साथ योग के कार्यक्रम होंगे। वहीं महाविद्यालयों के मैदानों पर भी योग क्रियाएं सुनिश्चित की जाएंगी।





### ये लोग भी होंगे शामिल

जानकारी के अनुसार योग कार्यक्रम में दिव्यांग, ट्रांसजेंडर, कैंसर व थैलेसीमिया के लोग भी शामिल होंगे। इसके साथ आर्मी व होमगार्ड के जवानों को भी शामिल करने की कार्ययोजना है। गौरीघाट स्थित नर्मदा तट पर आयुर्वेद महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा मां नर्मदा की जलधारा के बीच जल योग क्रिया की जाएगी।

### योग प्रेमियों में उत्साह

जिन लोगों को योग से प्यार है, वे इस दिन को लेकर बहुत उत्साहित और सक्रिय हैं। निजी स्तर पर अनेक स्थानों पर योग शिविर एक हफ्ते से लगाए जा रहे हैं। भंवरताल-टैगोर गार्डन सहित हर मैदान और उद्यान में योगाचार योग सिखा रहे हैं। योग दिवस को सार्थक करने हर योग प्रेमी सक्रिय है। वहीं रादुविवि के योग विभाग ने अपनी तैयारियां कर रखीं हैं। विवि प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार आरडीवीवी के योग विभाग में भी सामूहिक योग 21 जून को होगा। जबकि मुख्य समारोह गैरिसन ग्राउंड में आयोजित किया जाएगा। गैरीसन ग्राउंड सदर में सुबह सात बजे से राष्ट्रपति की उपस्थिति में योगाभ्यास करने स्कूल-कॉलेज के छात्र-छात्राओं सहित योग शिक्षक और जनप्रतिनिधि सहित तमाम ब्यूरोक्रेसी भी मौजूद रहेगी। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संदेश भी सुनाया जाएगा।

### कलेक्टर ने की जिम्मेदारी तय

21 जून को आयोजित मुख्य कार्यक्रम की व्यवस्थाओं को लेकर कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने आदेश जारी कर अधिकारियों की जिम्मेदारियां तय कर दी हैं। बारिश के मौसम को देखते हुये भी आयोजन स्थल पर जरूरी व्यवस्थायें सुनिश्चित करने भी कहा है। कलेक्टर ने आयोजन स्थल पर साफ-सफाई, सेनिटाइजेशन, फायर ब्रिगेड, गद्दों एवं अन्य सभी आवश्यक व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी नगर निगम आयुक्त को सौपी है।

## तरंग प्रेक्षागृह में होगा 21 जून को सामूहिक योगाभ्यास

**नवभारत,जबलपुर।** एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी की केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के तत्वावधान में 12 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सामूहिक योगाभ्यास का आयोजन 21 जून को प्रात: 7 से 8 बजे तक तरंग प्रेक्षागृह के प्रांगण में किया गया है। इस सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम में एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी, मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी, मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी व मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के समस्त कार्मिक व उनके परिजन शामिल होंगे। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष की थीम 'योगा फॉर हेल्दी एजिंग' (स्वस्थ आयु के लिए योग) है, जो उम्र बढ़ने के साथ बेहतर स्वास्थ्य, लचीलापन और सक्रिय जीवनशैली को बढ़ावा देने पर केंद्रित है। केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के महासचिव फिरोज कुमार मेश्राम ने जानकारी दी कि सामूहिक योगाभ्यास भारत सरकार के आयुष विभाग द्वारा जारी कॉमन प्रोटोकॉल के अंतर्गत किया जाएगा। सामूहिक योगाभ्यास में भाग लेने वाले कार्मिक व उनके परिजन प्रात: 6.30 बजे आवश्यक रूप से तरंग प्रेक्षागृह के प्रांगण में पहुंच जाएं। प्रतिभागियों से अनुरोध किया गया है कि वे निर्धारित परिधान में ही योगाभ्यास करने का प्रयास करें।



## सुदर्शन मोटर्स एवं सुपर एजेंसीज ने लॉन्च की हीरो न्यू सुपर स्प्लेंडर एक्सटेक-2 .0

**नवभारत,जबलपुर।** 40 वर्षों से ग्राहकों का विश्वास अर्जित करने वाली जबलपुर की प्रतिष्ठित हीरो मोटोकॉर्प डीलरशिप - सुपर एजेंसीज, सिविल लाइंस और सुदर्शन मोटर्स, मदन महल- ने शुक्रवार को केए मॉल में आयोजित एक भव्य समारोह में हीरो न्यू सुपर स्प्लेंडर एक्सटेक 2.0 का अनावरण किया। स्प्लेंडर ब्रांड की 30+ साल पुरानी विरासत को आगे बढ़ाते हुए, नई सुपर स्प्लेंडर को आधुनिक कम्यूटर ग्राहकों की जरूरतों और अपेक्षाओं को ध्यान में रखकर विकसित किया गया है। यह मोटरसाइकिल बेहतर माइलेज, उन्नत तकनीक और आकर्षक डिज़ाइन का बेहतरीन संगम हैइस लॉन्च समारोह में परमजीत बसूर, मैनेजिंग डायरेक्टर, सुदर्शन मोटर्स, प्रभजीत बसूर, मैनेजिंग डायरेक्टर, सुपर एजेंसीज, ज्योत्सना कुशवाहा, हीरो मोटोकॉर्प के साथ हीरो मोटोकॉर्प के क्षेत्रीय एवं जोनल कार्यालय के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। नई सुपर स्प्लेंडर एक्सटेक 2.0 में 125 सीसी एपीएफआई इंजन विद आईएक्सएस टेक्नोलॉजी, 72 किमी प्रति लीटर तक का माइलेज, सेगमेंट-फर्स्ट हैज़र्ड लाइट्स, ब्लूटूथ कनेक्टिविटी युक्त डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर, यूएसबी टाइप-सी चार्जिंग पोर्ट और ड्रुस्त के साथ साइलेंट स्टार्ट जैसे फीचर्स दिए गए हैं। यह मोटर साइकिल ग्लॉसी ब्लैक, कैंडी ब्लेजिंग रेड, मैट एक्सिस ग्रे, मैट नेक्सस ब्लू और मैट चेस्टनट ब्राउन सहित पाँच आकर्षक रंगों में उपलब्ध होगी। इसकी एक्स-शोरूम कीमत 86,500 तय की गई है।



### लोकप्रिय ब्रांड में से एक है

इस अवसर पर परमजीत बसूर, मैनेजिंग डायरेक्टर, सुदर्शन मोटर्स और प्रभजीत बसूर मैनेजिंग डायरेक्टर ,सुपर एजेंसीस ने कहा, सुपर स्प्लेंडर भारत के सबसे भरोसेमंद और लोकप्रिय कम्यूटर ब्रांड्स में से एक है। नई सुपर स्प्लेंडर एक्सटेक 2.0 आधुनिक तकनीक, बेहतर प्रदर्शन और आकर्षक स्टाइल के साथ ग्राहकों को शानदार राइडिंग अनुभव देगी। उन्होंने कहा कि विश्वास है कि यह मॉडल अपने सेगमेंट में नए मानक स्थापित करेगा। ग्राहकों के लिए टेस्ट राइड्स सुपर एजेंसीज और सुदर्शन मोटर्स पर शुरू हो चुकी हैं।

### एक नजर में



## समुद्री जागरूकता विषय पर एनसीसी द्वारा सेमिनार का आयोजन

**नवभारत,जबलपुर।** संस्कारधानी जबलपुर के कल्पना ऑडिटोरियम में 1 एमपी आर्टी रेजिमेंट एनसीसी द्वारा 'मैरीटाइम अवेयरनेस आउटरीच प्रोग्राम' के अंतर्गत समुद्री जागरूकता विषय पर एक विशेष सेमिनार का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम ब्रिगेडियर रितेश बहेल एवं कमांडिंग ऑफिसर कर्नल कीर्ति सिंद्रे के निर्देशन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर महानिदेशालय समुद्री प्रशासन के विशेषज्ञों ने कैडेटों को भारत की समुद्री सुरक्षा, समुद्री सीमाओं के महत्व, समुद्री व्यापार, बंदरगाहों की भूमिका तथा समुद्री क्षेत्र में उपलब्ध करियर के अवसरों की विस्तृत जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में लगभग 251 एनसीसी कैडेटों, 8 एनसीसी इकाइयों, एएनओ तथा पीआई स्टाफ ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सेमिनार का मुख्य उद्देश्य युवाओं में समुद्री सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना, राष्ट्र की समुद्री सीमाओं के महत्व से परिचित कराना तथा उनमें राष्ट्रसेवा एवं राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति उत्तरदायित्व की भावना विकसित करना था। कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों ने समुद्री सुरक्षा से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर प्रकाश डाला तथा कैडेटों की जिज्ञासाओं का समाधान किया। अंत में अधिकारियों ने सभी कैडेटों को देशहित से जुड़े ऐसे जागरूकता कार्यक्रमों में सक्रिय सहभागिता निभाने तथा राष्ट्र निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। यह आयोजन ज्ञानवर्धक, प्रेरणादायक एवं सफल रहा।




## विधायक के नेतृत्व में अव्यवस्थाओं को लेकर उठाई आवाज

**नवभारत,जबलपुर।** डॉ. ज़ाकिर हुसैन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने विधायक लखन घनघोरिया एवं ब्लॉक अध्यक्ष आसिफ़ इक़बाल के नेतृत्व में संभागीय अधिकारी, संभाग क्रमांक-7 अधारताल को ज्ञापन सौंपकर क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं एवं प्रशासनिक अनियमितताओं की ओर ध्यान आकर्षित कराया गया। ज्ञापन में बताया गया कि संभाग क्रमांक-7 के अंतर्गत आने वाले वार्डों की जनता लंबे समय से मूलभूत सुविधाओं के अभाव से परेशान है। डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण व्यवस्था पूरी तरह अव्यवस्थित होने से विभिन्न स्थानों पर कचरे के ढेर लगे हुए हैं, जिससे नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा नालियों की नियमित सफाई नहीं होने से गंदे पानी का रिसाव एवं संक्रमण फैलने का खतरा बढ़ गया है। कई क्षेत्रों में पेयजल एवं जलप्रदाय की समस्या भी बनी हुई है। वार्डों की सफाई व्यवस्था चरमराने से चारों ओर गंदगी एवं अव्यवस्था का माहौल है, जिससे आमजन में नाराज़गी बढ़ रही है। ब्लॉक अध्यक्ष आसिफ़ इक़बाल ने यह भी बताया कि संभाग कार्यालय द्वारा नागरिक सुविधाओं की लगातार उपेक्षा किए जाने के कारण क्षेत्रवासियों में भारी आक्रोश व्याप्त है। उन्होंने विशेष रूप से शहीद अब्दुल हमीद वार्ड स्थित आनंद नगर बस स्टैंड के पास मौजूद जर्जर पानी की टंकी को तत्काल हटाने की मांग की, जो किसी भी समय दुर्घटना का कारण बन सकती है। साथ ही उक्त स्थान पर जनहित में एक सुंदर उद्यान (गार्डन) विकसित किए जाने का सुझाव भी दिया गया। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने प्रशासन से मांग की है कि इन सभी समस्याओं पर शीघ्र संज्ञान लेकर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए ताकि क्षेत्रवासियों को राहत मिल सके। इस मौके पर नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा, चमन पासी, राजू तोमर, पप्पू शर्मा, प्रदीप तिवारी सुबोध पहारिया, सोनू लाला, गुलाम हुसैन, इश्तियाक अंसारी, राजू लाइक, अंजुम आरा सहित अन्य कांग्रेसी मौजूद थे।



## दंडी स्वामी कालिकानंद नि :शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर कल

**नवभारत,जबलपुर।** जबलपुर अनंत विभूषित श्री पंचखंड द्वादश पीठाधीशवर दंडी स्वामी कालिकानंद जी सरस्वती स्वामी प्यारेनंद जी महाराज के सानिध्य में नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन 21 जून दिन रविवार को प्रात: 9 बजे से 4: बजे तक डॉ अविजित विश्नोई द्वारा दंडी स्वामी कालिकानंद धर्मार्थ नेत्रालय एवं क्लीनिक सेन्टर स्थान रेल्वे फाटक भटौली कालीधाम कालीघाट गौरीघाट जबलपुर में किया जा रहा है। जिसमें रेटिना, कॉनिया, कॉचियाबिंद , मोतियाबिन्द सहित आंख के समस्त रोगों की निशुल्क जांच होगी। नेत्रालय के संयोजक महामण्डलेश्वर डॉ स्वामी राधेचैतन्य महाराज ने एवं धर्मार्थ नेत्रालय एवं क्लीनिक सेवा समिति एवं कालीधाम शिष्य भक्त परिवार ने सभी से अपील की है कि वे शिविर में पहुंचकर लाभ अर्जित करें।



## योग स्वस्थ, संतुलित और अनुशासित जीवन की आधारशिला : कुलगुरु प्रो . वर्मा

▸ दस दिवसीय नि:शुल्क योग शिविर का समापन

**नवभारत ,जबलपुर।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के योग विभाग एवं राजकुमारी बाई बाल निकेतन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दस दिवसीय नि:शुल्क योग शिविर का समापन समारोहपूर्वक संपन्न हुआ। 9 जून से प्रारंभ हुए इस शिविर में बाल निकेतन की बालिकाओं एवं योग विभाग के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर योगाभ्यास के माध्यम से स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया।

समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि एवं रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. राजेश कुमार वर्मा ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो व्यक्ति को शारीरिक रूप से स्वस्थ, मानसिक रूप से संतुलित और जीवन में अनुशासित बनाता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय की भागदौड़ भरी जीवनशैली में योग तनावमुक्त और सकारात्मक जीवन जीने का सबसे प्रभावी माध्यम है। यदि युवा पीढ़ी नियमित रूप से योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करे तो एक स्वस्थ और सशक्त समाज का निर्माण संभव है। इस मौके पर डॉ. ज्योति कोटवानी एवं योग विभागाध्यक्ष प्रो. अल्का नायक ने भी योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए प्रतिभागियों को नियमित अभ्यास के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में राजकुमारी बाई बाल निकेतन के अध्यक्ष मदन मोहन नेमा एवं सचिव श्यामसुंदरी माहेश्वरी ने शिविर के सफल आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए योग विभाग और प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं।



## पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी में प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित

**नवभारत, जबलपुर।** मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड द्वारा अधिकारियों और तकनीकी कर्मचारियों के क्षमता संवर्धन हेतु आयोजित चार दिवसीय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग प्रशिक्षण कार्यशाला का सफलतापूर्वक समापन हुआ। सत्र में प्रतिभागियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, नेचुरल लैंग्वेज प्रोसेसिंग, लार्ज लैंग्वेज मॉडल्स, आरएजी आधारित चैटबॉट, जीपीयू आधारित प्रोसेसिंग, जीआईएस एवं स्मार्ट मीटर डेटा एनालिटिक्स का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया।

इस दौरान संयुक्त टीमों ने ओएंडएम, कमर्शियल, आईटी, जीआईएस, स्मार्ट मीटरिंग व आरडीएसएस डेटा का समेकित विश्लेषण कर व्यावसायिक समस्याओं के समाधान खोजे। प्रतिभागियों ने शिकायत विश्लेषण, विद्युत चोरी पहचान, अनुमान विसंगति विश्लेषण, फीडर लॉस एनालिसिस, जीआईएस आधारित निर्णय सहयोग प्रणाली, स्मार्ट मीटर डेटा विश्लेषण व चैटबॉट मॉडल तैयार किए, जिसका उद्देश्य उपभोक्ता सेवाएं प्रभावी बनाना, शिकायत निवारण सुदृढ़ करना, विद्युत हानियां घटाना व डेटा आधारित निर्णय बढ़ाना है। समापन सत्र में कंपनी के मुख्य महाप्रबंधक (ऑपरेशन एवं मेंटेनेंस) एस.के. निगम एवं मुख्य महाप्रबंधक (कार्य और आरडीएसएस) एस.के. भागवतकर उपस्थित रहे। अंत में मुख्य महाप्रबंधक (आईटी) प्रशांत गुप्ता ने आभार व्यक्त किया।



## गुंजन कला सदन कल करेगा नौ पुलिस अधिकारियों का अभिनंदन

**नवभारत, जबलपुर।** मध्य प्रदेश पुलिस के सर्वोच्च वीरता पुरस्कार के. एफ. रुस्तमजी से जबलपुर के नौ पुलिस अधिकारियों को गत दिवस भोपाल में मुख्यमंत्री मोहन यादव ने डीजीपी की उपस्थिति में सम्मानित किया था, जिनका गुंजन कला सदन मध्य प्रदेश के तत्वावधान में 21 जून को शाम 7 बजे शहीद स्मारक में अभिनंदन समारोह आयोजित है। इस कार्यक्रम में लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, महापौर जगत बहादुर सिंह, विधायक अजय विश्नोई, डीआईजी अतुल सिंह, पूर्व डीआईजी मनोहर वर्मा और कार्यकारी अध्यक्ष हिमांशु तिवारी अभिनंदित करेंगे। कर्तव्यनिष्ठता से प्रभावित करने वाले पूर्व एआईजी राजेश तिवारी, पूर्व एएसपी गोपाल खाण्डेल, एएसपी रेल्वे भावना मरावी, पूर्व सीएसपी प्रभात शुक्ल, पूर्व डीएसपी रवीन्द्र गौतम, पूर्व इंस्पेक्टर राजेंद्र बागारी, इंस्पेक्टर नरेन्द्र मिश्रा, आरआई जयप्रकाश आर्य और कांस्टेबल जय कुमार चौधरी अभिनंदित होंगे। गुंजन कला सदन के महामंत्री लायन नरेन्द्र जैन ने बताया कि द्वितीय चरण में गीत-संगीत के विविध कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे तथा संयोजक त्रय विनोद यादव, विजय जायसवाल और प्रतुल श्रीवास्तव ने नगरवासियों से उपस्थिति का आग्रह किया है।


## शरण चौधरी बने रीवा जबलपुर जोन के प्रभारी

**नवभारत,जबलपुर।** बहुजन समाज पार्टी जबलपुर द्वारा जबलपुर से बसपा के पूर्व पार्षद शरण चौधरी को मध्यप्रदेश इकाई के प्रदेश अध्यक्ष इंजीनियर रमाकांत पिप्पल द्वारा रीवा जबलपुर संभाग का जोन इंजार्च नियुक्त किया है। जानकारी के अनुसार भोपाल बहुजन समाज पार्टी कार्यालय में प्रदेश स्तरीय बैठक में केंद्रीय प्रभारी पूर्व सांसद राजाराम ने इसकी घोषणा की। इस मौके पर बहुजन समाज पार्टी के पूर्व प्रदेश प्रभारी बालकिशन चौधरी, जिला अध्यक्ष लखन अहिरवार, सुरेश वंशकार, दिनेश कुशवाहा, प्रकाश गौतेल ने हर्ष व्यक्त किया है।



## संस्कारधानी में मुहर्रम की तैयारियां चरम पर

**नवभारत, जबलपुर।** शहर भर में मुस्लिम समुदाय के त्योहार मुहर्रम की तैयारियां चरम पर हैं। मुहर्रम की 4 तारीख के साथ ही इमामबाड़ों, मस्जिदों और मुस्लिम बस्तियों में रोशनी, सजावट व ताजियों का निर्माण तेज़ है। इस वर्ष शहर में लगभग 6 से 7 ताजिए बन रहे हैं, जिन्हें 1 तारीख को जुलूस के साथ रानीताल कर्बला ले जाकर ठंडा किया जाएगा। यहाँ अकीदतमंद बच्चों को ताजियों के नीचे से निकालकर सेहत व सलामती की दुआ करते हैं। मंडी मदार टेकरी, सुलेमानी मस्जिद, चांदनी चौक, बहोरा बाग, मदार चिल्ला, पम्प हाउस, रज़ा चौक, लकड़गंज, छुट्टी मियाँ की तलैया, नई बस्ती गाज़ी मियाँ, नया मोहल्ला, बंगाली मस्जिद और चिराग अली मस्जिद क्षेत्रों में निर्माण जारी है। मंडी मदार टेकरी स्थित सूफी बुजुर्ग हज़रत गुल बाबा अशरफी का खानकाही मन्नत वाला ताजिया हज़रत मखदूम अशरफ सिमनानी कमेटी की देखरेख में आकर्षण का केंद्र है, जहाँ लोगों की मन्नतें पूरी होती हैं। नया मोहल्ला की गुलामाने अहले बैत कमेटी का ताज़िया भी आस्था का केंद्र है।



### ढाई सौ वर्ष पुरानी अनोखी परंपरा

मंडी मदार टेकरी में बाबा कलीम शाह और शमीम शाह पीढ़ियों पुरानी परंपरा के अनुसार खानदानी ताजिए की तैयारियों में जुटे हैं। अकबर खान सरवर और इनायत अली शाह ने बताया कि सदर क्षेत्र में 1 ताजिए रखे जा रहे हैं, जहाँ मुहर्रम की तीन तारीख को हजरत बीबी जैनब कमेटी द्वारा नजरों नियाज पेश कर लंगर तकसीम किया गया। गढ़ा निवासी नियाज़ मंसूरी के अनुसार गढ़ा क्षेत्र में 12 ताजिये रखे जा रहे हैं। संस्कारधानी में मुहर्रम की पहचान बन चुकी ढाई सौ वर्ष पुरानी कलात्मक सवारियां भी आकर्षण का केंद्र हैं। सदर क्षेत्र से शुरू हुई यह परंपरा आज पूरे शहर में फैल चुकी है, जहाँ गढ़ा के पुराने मुजावर परिवार परंपरागत शैली में भव्य सवारियों का निर्माण कर रहे हैं।

सफलता

देश की प्रतिष्ठित सीए परीक्षा के परिणाम आने के बाद जबलपुर में जश्न

## संस्कारधानी को मिले 8 नए सीए, परिवारों में उत्साह

**नवभारत, जबलपुर।** द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया ने सीए फाइनल परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया है। इस परीक्षा में जबलपुर शहर के 8 होनहार छात्रों ने सफलता हासिल की है। अपनी कड़ी मेहनत के बल पर इन सभी ने चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) बनने का गौरव पाया है। परिणाम आते ही सफल छात्रों के घरों में खुशी का माहौल बन गया और परिजनों ने मिठाई बांटकर जश्न मनाया।

इस साल राष्ट्रीय स्तर पर सीए फाइनल का रिजल्ट काफी कठिन रहा है। ऑल इंडिया स्तर पर कुल 87,497 उम्मीदवार परीक्षा में शामिल हुए थे, जिनमें से कुल 7,931 उम्मीदवार ही सफलतापूर्वक पास होकर नए सीए बन पाए है। देश भर में दोनों ग्रुप एक साथ पास करने वाले छात्रों का कुल पासिंग प्रतिशत महज 14.07%ही दर्ज किया गया है। इस कड़े मुकाबले और मुश्किल पेपरों के बीच भी जबलपुर के इन 8 युवाओं ने अपनी नियमित पढ़ाई के दम पर सफलता पाई है। इस संबंध में सैय्यद फरजान अली ने नवभारत को बताया कि इस कठिन परीक्षा को निकालने के लिए उन्होंने एक सुनियोजित रणनीति अपनाई थी। वह पूरे पाठ्यक्रम को एक साथ पढ़ने के बजाय हर विषय के लिए छोटे-छोटे लक्ष्य तय करते थे और उन्हें समय पर पूरा करते थे। उन्होंने तैयारी के दौरान सोशल मीडिया से दूरी तो नहीं बनाई, लेकिन उसके उपयोग का समय पूरी तरह बांध दिया था। फरजान के मुताबिक, कोर्स पूरा करने के बाद उनका मुख्य फोकस केवल रिवीजन पर था, जिसे उन्होंने पर्याप्त समय दिया। इसी कड़े अनुशासन और बेहतर समय प्रबंधन के चलते वे सीए बनने में कामयाब रहे।



### जबलपुर के सफल छात्रों ने अर्जित किए उत्कृष्ट अंक

परीक्षा पास करने वाले शहर के इन नए चार्टर्ड अकाउंटेंट्स के अंक भी सामने आ गए हैं, जिन्होंने 600 अंकों की इस मुख्य परीक्षा में अच्छा स्कोर किया है। इसमें सैयद फरजान अली ने 356 अंक और नयन जैन ने 339 अंक हासिल किए हैं। इनके साथ ही अदिति जैन ने 329 अंकों के साथ कामयाबी पाई है। वहीं मनीषा पंजाबी और ऋषि साहू दोनों ने ही बराबर 325-325 अंक प्राप्त किए हैं। इसके अलावा वंशिता विश्वासी ने 322 अंक और आयुष अग्रवाल ने 314 अंक लाकर अपने परिवार का नाम रोशन किया है। इन सभी छात्र-छात्राओं ने दिन-रात एक करके परीक्षा की तैयारी की थी, जिसकी बदौलत इन्हें यह सफलता मिली है। रिजल्ट आने के बाद सभी के घरों में बधाई देने वालों की भीड़ लगी हुई है और दोस्त-रिश्तेदार सोशल मीडिया पर भी लगातार इन्हें शुभकामनाएं भेज रहे हैं।



## तीन दिवसीय नि :शुल्क योग शिविर शुरू

▸ बड़ी संख्या में लोगों ने किया योगाभ्यास

**नवभारत ,जबलपुर।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में गुजराती मंडल, महिला मंडल एवं गुजराती मंडल चैरिटेबल क्लीनिक के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय नि:शुल्क योग शिविर का शुभारंभ मढ़ाताल स्थित गुजराती मंडल परिसर में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश वंदना एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। शिविर के प्रथम दिन बच्चों से लेकर वरिष्ठ नागरिकों तक सभी आयु वर्ग के प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक योगाभ्यास किया। इस अवसर पर मंडल के सचिव दिनेश वीरा एवं सह सचिव धनंजय उपाध्याय ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। शिविर में योग विशेषज्ञ रश्मि शर्मा एवं दीप्ति हल्दकर के मार्गदर्शन में आयोजित शिविर में योगासन, प्राणायाम, ध्यान, योग निद्रा, श्वास संबंधी व्यायाम तथा तनाव प्रबंधन की विभिन्न विधियों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। साथ ही मानसिक शांति और स्वस्थ जीवनशैली से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर भी जानकारी प्रदान की जा रही है। आयोजकों के अनुसार शिविर 21 जून तक चलेगा। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर विशेष योग सत्र के साथ शिविर का समापन किया जाएगा।